न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation Of India Limited

न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
(भारत सरकार का उद्यम)
NUCLEAR POWER CORPORATION OF INDIA LIMITED
(A Government of India Enterprise)

विक्रम साराभाई भवन, मध्य मार्ग अणुशक्तिनगर, मुंबई – 400 094.
Vikram Sarabhai Bhavan, Central Avenue Road, Anushaktinagar, Mumbai - 400 094

दूरभाष / Phone : 022-63991215
फैक्स / Fax : 022-25991218
ई-मेल / E-mail : pagrawal@npcil.co.in

प्रतीक अग्रवाल
उत्कृष्ट वैज्ञानिक
अधिशासी निदेशक (सीपी एवं सीसी)

PRATEEK AGRAWAL
Outstanding Scientist
Executive Director (CP&CC)

16 फरवरी, 2026

प्रेस विज्ञप्ति

युगांतरकारी संयंत्र आयु-विस्तार गतिविधियों के बाद तारापुर परमाणु विद्युत केंद्र, इकाई-1 को ग्रिड से पुन: जोड़ा गया

तारापुर परमाणु विद्युत केंद्र, इकाई-1 (टीएपीएस-1) ने समग्र संयंत्र आयु-विस्तार कार्यक्रम पूर्ण कर लिया है और इसे अनुक्रमिक रूप से विद्युत ग्रिड में पुन: जोड़ा जा रहा है जो भारत के नाभिकीय विद्युत कार्यक्रम में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

वर्ष 1969 में कमीशन किए गए, टीएपीएस-1व2 पूर्ववर्ती सोवियत यूनियन के बाहर एशिया के पहले नाभिकीय विद्युत रिएक्टर हैं। पांच दशकों से भी अधिक अवधि तक सुरक्षित प्रचालन के बाद, इन इकाइयों को 2020 में नवाचार, आधुनिकीकरण और कालप्रभावन प्रबंधन कार्यकलापों के लिए ऑफलाइन रखा गया था जिनका निष्पादन परियोजना मॉड में कड़ी नियामक निगरानी में किया गया है।

इस संयंत्र आयु-विस्तार कार्यक्रम को वैश्विक नाभिकीय संरक्षा मानकों के अनुरूप संवर्धित संरक्षा मार्जिन के साथ कार्यान्वित किया गया, प्रणाली अखंडता को पुन: स्थापित किया गया और दीर्घकालिक प्रचालन विश्वसनीयता को सुदृढ़ किया गया।

मुख्य गतिविधियों में प्रगत संक्षारण-प्रतिरोधी पदार्थ सहित रिएक्टर पुनर्संचरण पाइपिंग का प्रतिस्थापन, 3डी लेसर स्कैनिंग, टर्बाइन-जनरेटर प्रणाली का नवीनीकरण, विद्युत प्रणाली में उन्नयन आदि शामिल हैं।

इकाई#2 में इसी तरह की गतिविधियां पूर्णता के प्रगत चरण में हैं और इकाई का शीघ्र ही ग्रिड से जोड़ा जाएगा।

इस प्रकार के रिएक्टर में ऐसी जटिल गतिविधियों की सफलतापूर्वक पूर्णता एनपीसीआईएल की अभियांत्रिक उत्कृष्टता और सशक्त नवाचार एवं आधुनिकीकरण सामर्थ्य को प्रकट करती है। टीएपीएस-1व2 विश्व के प्राचीनतम प्रचालनरत रिएक्टर हैं।

अपने प्रचालन-काल में, टीएपीएस-1व2 ने 86 मिलियन टन से अधिक कार्बन डाइऑक्साइड समतुल्य का पर्यावरण में निस्सरण टालते हुए 1,00,000 मिलियन यूनिट से अधिक स्वच्छ विद्युत उत्पन्न की है। इन हाई-एंड, जटिल और विशिष्ट गतिविधियों की सफलतापूर्वक पूर्णता ने एक बार फिर एनपीसीआईएल की विशेषज्ञता, परिपक्वता और सशक्तता को सिद्ध किया है।

16/02/2026

(प्रतीक अग्रवाल)

Corporate Planning &
Corporate Communication

PRESS RELEASE

TAPS – 1&2

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
एनपीसीआईएल
NPCIL
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION
न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
Nuclear Power Corporation of India Limited

Corporate Planning & Corporate Communication